# अपनी बात

अंक : 551 वर्ष 41

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 31 दिसम्बर, 2019

## सीसीएल "इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड 2019" से सम्मानित



पुरस्कार के साथ सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में फिक्की (FICCI) इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड 2019 में सीसीएल को "बेस्ट कंपनी इन स्पोर्ट्स प्रमोशन (सार्वजनिक उपक्रम)" के वर्ग में पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार माननीय खेल मंत्री, (ओडिसा सरकार) श्री तुषारकांती बेहरा ने सीएमडी श्री गोपाल सिंह को प्रदान किया। अवसर विशेष पर माननीय खेल मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार, श्री किरेन रिजिजू, श्री संदीप सोमानी, फिक्की एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

इस अवसर पर सीएमडी श्री सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार देश में खेल के प्रोत्साहन और विकास के लिए हमारी कंपनी द्वारा किए गए प्रयासों का एक सजीव प्रमाण है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा समारोह में सीसीएल पुरस्कृत

16 दिसम्बर को "राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार समारोह" में माननीय उप–राष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडु ने राष्ट्रीय सुरक्षा अवार्ड फॉर माईन्स (National Safety Awards (MINES) — 2015 & 2016) का पुरस्कार वितरण किया। प्रतियोगिता में देश के सभी कोल माइन्स ने भाग लिया जिसमें सीसीएल को खान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चार श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा अवार्ड पुरस्कार ग्रहण किया।



पुरस्कार के साथ सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकगण एवं अन्य

## आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया



नियुक्ति पत्र वितरण करते हुये सीसीएल के अधिकारी

विगत 24 दिसम्बर को सीसीएल दरभंगा हाउस परिसर स्थित "विचार मंच" में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के 100 आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपकर कंपनी ने सामाजिक उतरदायित्व का निर्वहन किया। सीसीएल के बरका–सयाल क्षेत्र से 19, पिपरवार क्षेत्र से 07, कथारा क्षेत्र से 11, ढोरी क्षेत्र से 09, गिरिडीह क्षेत्र से 04, अरगडा क्षेत्र से 06, कुजू क्षेत्र से 13, बी एण्ड के क्षेत्र से 06, एनके क्षेत्र से 09, हजारीबाग क्षेत्र से 11, रजरप्पा क्षेत्र से 04 एवं सीआरएस, बरकाकाना से 01 कुल 100 लोगों को नियुक्ति पत्र सर्वश्री उमेश सिंह, महाप्रबंधक (का./औ.सं.), अविनाश श्रीवास्तव, वरीय प्रबंधक (का./मैनपावर), एम. एच. हक, एसओ (पी), कुजू, राजीव कुमार, एसओ (पी), गिरिडीह ने सौंपा।

> **"कड़ी मेहनत कभी थकान नहीं लाती वह संतोष लाती हैं"**
>
> – श्री नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत

## महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ आम्बेडकर को श्रद्धांजलि

मुख्यालय परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर के 63वें महापरिनिर्वाण दिवस पर 06 दिसम्बर को निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित सीसीएल कर्मियों ने डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन के पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## क्रिसमस गैदरिंग–2019 हर्षोल्लास के साथ संपन्न




गैदरिंग के दौरान केक काटते सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

विगत 17 दिसम्बर को सीसीएल मुख्यालय, रांची में क्रिसमस गैदरिंग–2019 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल सहित छोटे–छोटे बच्चों ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा केक काट कर क्रिसमस गैदरिंग का विधिवत उदघाटन किया।

मुख्य अतिथि श्री सिंह ने सीसीएल वृहद परिवार के साथ–साथ समस्त झारखंडवासियों एवं उपस्थित सभी को क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि धर्म हमे सभी को एक–दूसरे के साथ प्रेम का संदेश देता है।

## सीएमडी "डॉ. आम्बेडकर एक्सलेंसी सर्विस नेशनल अवार्ड" से सम्मानित



पुरस्कार के साथ सीएमडी श्री गोपाल सिंह

भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा विगत 8–9 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित "35वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन" में सीएमडी श्री गोपाल सिंह को "डॉ. आम्बेडकर एक्सलेंसी सर्विस नेशनल अवार्ड : 2019" से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय सचिव श्री अनिल बानफोर, आम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट के निदेशक तकनीकी श्री महेन्द्र प्रताप एवं श्री रवि बानफोर ने संस्थान की ओर से श्री सिंह को प्रदान किया।

## "सीआईएल इंटर कंपनी टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता" – सीसीएल चैम्पियन



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

विगत 17 से 21 दिसम्बर तक "10वां सीआईएल इंटर कंपनी टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता" का आयोजन बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कैम्पस, काँके, राँची में किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन 17 दिसम्बर को सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि बिरसा एग्रीक्लचर यूनिवर्सिटी के उप–कुलपति डॉ आर.एस. कुरिल द्वारा किया गया। फाईनल मैच में सीसीएल टीम ने बेहतरीन प्रर्दशन करते हुए डब्लूसीएल की टीम को पाँच विकेट से पराजित कर चैम्पियन बना। निदेशक (का.), सीसीएल फाइनल मैच में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किए।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने विजेता टीम सीसीएल को इस ऐतिहासिक जीत के लिये बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि भविष्य में भी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहें और कम्पनी का नाम रौशन करे। श्री सिंह ने उप विजेता टीम को भी बधाई दी।

पाँच दिवसीय प्रतियोगिता में कोल इण्डिया एवं इसके सभी अनुषंगी कम्पनियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रबंधक (खेल) श्री आदिल हुसैन एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

दिसम्बर माह में पूरे सीसीएल से कुल 158 कर्मी सेवानिवृत हुये जिन्हें सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी। दिसम्बर माह में मुख्यालय से सेवानिवृत कर्मियों के नाम : श्री राम निवास जैन, महाप्रबंधक (वित्त), श्रीमती विनीता शरण, महाप्रबंधक (कार्मिक), श्री आशीष कुमार गोस्वामी, महाप्रबंधक (वित्त), श्री अभय रंजन कुमार, मुख्य प्रबंधक (प्रणाली), श्री बलराम मुखर्जी, वरीय निजी सहायक, ग्रेड– ए1, श्री शिशिर कुजूर, कार्यालय अधीक्षक, ग्रेड ए1, श्री गॉडविन लकड़ा, कार्यालय अधीक्षक, ग्रेड ए1, श्री शमशेर बहादूर सिंह, वरीय लीगल इंस्पेक्टर, ग्रेड ए1, श्री एस. फिरदौस शाह, हेड जिल्दसाज – ग्रेड–डी, श्रीमती सुगिया देवी, हेड सिक्यूरिटी गार्ड, तथा केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर से श्री गुलाब राम, अकाउंटेंट – ग्रेड ए1, श्रीमती मक्सीमा कीरो, मेट्रोन, ग्रेड ए1, श्री चंचल दास, मुख्य रेडियोग्राफर, ग्रेड ए1।

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)